राज्यपाल सचिवालय

राज भवन, जयपुर

दीपावली पर्व

राज्यपाल से मिलने वालों का तांता

राज्यपाल ने लोगों को दी दीपावली की शुभकामनाएं

जयपुर,,28 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राज भवन मे दीपावली पर्व पर प्रदेश के लोगों ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से मिलने वालों का तांता लगा रहा। राज्यपाल श्री मिश्र ने सभी आगतुंकों से मुलाकात कर व्यक्तिश शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल श्री मिश्र से मुख्य सचिव श्री डी, बी, गुप्ता और पुलिस महानिदेशक श्री भूपेन्द्र यादव ने मुलाकात की। राज्यपाल से भारतीय प्रशासनिक और पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारीगण ने भी मुलाकात की। राज्यपाल से जनप्रतिनिधिगण और कुलपतिगण भी मिले।

राज्यपाल ने पूजा–अर्चना की–

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दीपावली पर्व पर रविवार को यहां राज भवन में पूजा–अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र भी मौजूद थी।

राज्यपाल ने शहर की रोशनी देखी–

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दीपावली पर्व पर रविवार को रात्रि में शहर की रोशनी देखी। राज्यपाल राज भवन से पांच बत्ती होते हुए एम आई रोड गये। राज्यपाल ने छोटी चौपड , त्रिपोलिया बाजार , चौडा रास्ता, न्यू गेट, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार और बडी चौपड पर की गई रोशनी को देखा। राज्यपाल ने शहर की सजावट की सराहना की।

राज्यपाल बुधवार को अजमेर जायेंगे –

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बुधवार को अजमेर जायेंगे। राज्यपाल बुधवार को प्रात राज भवन से सडक मार्ग से अजमेर के लिए रवाना होंगे। श्री मिश्र अजमेर के एम डी एस विश्वविद्यालय में महर्षि दयानन्द सरस्वती के 137वें बलिदान दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का उदघाटन करेंगे।

— — —

डॉ लोकेश चन्द्र शर्मा सहायक निदेशक